दिनांक—01.07.2024 समय—7.10एएम

# प्रादेषिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- देष में आज से तीन नये आपराधिक कानून लागू। मुख्यमंत्री ने कहा गुलामी के प्रतिकों से मिलेगी आजादी।
- मध्यप्रदेष राजस्थान के बीच चंबल—कालीसिंध—पावर्ती नदी जोड़ो परियोजनाओं को लेकर हुआ समझौता।
- राज्य विधानसभा का सत्र आज से षुरू। 19 जुलाई तक होंगी 14 बैठकें।
- आज से प्रदेष में सीमावर्ती जिलों में परिवहन की नई व्यवस्था लागू।

## तीन नए आपराधिक कानून

तीन नये आपराधिक कानून— भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से पूरे देश में लागू हो गये हैं। सरकार ने इस बारे में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नये कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं। सूत्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और सभी उच्च शिक्षण संस्थान आज नये कानूनों के विभिन्न प्रावधानों पर विचार—विमर्श, कार्यशालाएं, प्रश्नोत्तरी—सत्र और क्विज का आयोजन करेंगे।

## नए कानून—मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक जुलाई का दिन पूरे देश और प्रदेश के लिए एक विशेष दिन है। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों को बदलते हुए नए प्रकार के कानून लागू हो रहे हैं। अब दंड संहिता के बजाय न्याय संहिता की बात की जाएगी। नए कानूनों के लागू होने को लेकर प्रदेश पुलिस भी पूरी तरह तैयार है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषित कर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। सभी पुलिस थाना क्षेत्रों और जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर नए कानूनों का क्रियान्वयन किया जाएगा।कार्यक्रम में वहां के पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि सहित जिले के बुद्धिजीवी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूल—कॉलेज के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नए कानूनों के संबंध में प्रदेशभर में 60 हजार से अधिक पुलिस अधिकारी—कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। 31 हजार से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षित किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए सख्त सजा के प्रावधान किए गए हैं। प्रस्तावित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में पहला अध्याय अब महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित सजा के प्रावधानों से संबंधित है। साथ ही अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों के मैजेस को शामिल किया गया है। केस डायरी, एफआईआर, आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जाएगा। अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भी न्यायालयों में पेशी हो सकेगी। अब 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे और मुकदमा समाप्त होने के 45 दिन में निर्णय देना होगा। नए बदलावों के तहत जीरो एफआईआर को कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया है।

पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना

मध्यप्रदेश और राजस्थान ने कल रविवार को चंबल–पार्वती–कालीसिंध की जल–धाराओं का दोनों राज्यों के लिए उपयोग का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। दोनों राज्यों के बीच परियोजना के क्रियान्वयन के लिए एमओयू भी हुआ है।

वीसी–47 सेकंड, संजीव षर्मा

पार्वती–कालीसिंध–चंबल अंतर राज्यीय नदी लिंक परियोजना पर समझौते से प्रदेश में मुरैना, ग्वालियर, श्योपुर, राजगढ़ सहित 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की सुविधाएं बढ़ाई जा सकेंगी। राजस्थान के भी 13 जिलों को इस परियोजना से लाभ मिलेगा।

पार्वती–कालीसिंध–चंबल अंतर राज्यीय नदी लिंक परियोजना 72 हजार करोड़ रूपये की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह नवाचार भी है साथ ही हमारे देश की संघीय भावना का प्रकटीकरण भी है।

वहीं, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी साझा नीति दोनों प्रदेशों को आगे बढ़ाने की है। इस परियोजना के पूरा होने से दोनों प्रदेशों की उन्नति होगी।

संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

विधानसभा मानसून सत्र–प्रदेष

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा सत्र आज से शुरू हो रहा है, जो 19 जुलाई तक चलेगा। इस सत्र में कुल 14 बैठकें होंगी। 3 जुलाई को राज्य सरकार अपना पहला पूर्ण बजट पेश करेगी। यह वित्त वर्ष 2024–25 का वार्षिक बजट होगा।

सत्र को लेकर राज्य सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। सभी मंत्रियों से विभागीय उपलब्धियों के साथ पिछली कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन को आधार बनाकर अपनी बात दमदारी से रखने के लिए कहा गया। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कई मुद्दों को उठाने के लिए तैयारी की है।

अच्छी खबर नवाचार–अषोकनगर

अषोकनगर में नगरपालिका द्वारा नवाचार करते हुए कचरे से खाद और बिजली बनाने का काम किया जा रहा है। नगरपालिका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित होकर कचरे से कंचन बनाने की पहल की है। पेष है एक रिपोर्ट –

आरटीओ–प्रदेष

प्रदेश में आज से सीमावर्ती जिलों नई परिवहन व्यवस्था हो शुरू हो रही है। परिवहन क्षेत्र में चेक पोस्ट के स्थान पर अब चेक पॉइंट रहेंगे। अन्य राज्यों से लगे जिलों में मोबाइल उड़नदस्ते कार्य करेंगे। कुल 45 चेक पॉइंट बनाए गए हैं। इन पाईंट पर 211 होमगार्ड के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है । इस तरह प्रदेश में गुजरात राज्य में लागू पैटर्न के अनुसार कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के अंतर्गत देश में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इस नाते परिवहन क्षेत्र में प्रदेश में कुछ बदलाव किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने परिवहन व्यवस्था के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर राज्य शासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था से भारी वाहनों के संचालकों को किस प्रकार की असुविधा नहीं होगी। शिकायतों को दूर कर साफ–सुथरे ढंग से परिवहन विभाग के मूल कार्य को बेहतर ढंग से संचालित करने के प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश के 26 सीमावर्ती जिलों में इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

एक पेड़ मां के नाम–प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान चलाया है। प्रदेश सरकार भी लगभग साढ़े 5 करोड़ पौधे राज्य में लगाएगी। प्रदेश में आज से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग–अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर, 51 लाख पौधे लगाने वाला है। भोपाल ने बीस लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है। एक दिन में 6 जुलाई को लगभग 12 लाख पौधे लगाने का भी लक्ष्य तय किया है। ऐसे में पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचाएंगे बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आप अपने परिजन को लेकर, माता जी को साथ लेकर सेल्फी लें। अभियान के अंतर्गत निर्धारित वेबसाइट पर भी चित्र अपलोड किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा बताए गए निर्धारित स्थान पर पौधे लगाएं, सरकार उनकी देखभाल करेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य 30 जून के बाद भी जारी रखे जाएंगे। कल कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देष जारी किए।
- छिंदवाड़ा में भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाईन आवेदन 08 से 28 जुलाई तक किये जा सकते है। जिले के इच्छुक आवेदक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।
- इंदौर जिले में फसलों की गिरदावरी के लिए युवाओं को जोड़ जाएगा। इसके लिए 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। अधिक जानकारी ग्राम पंचायत से ली जा सकती है।
- रायसेन जिले में आज से पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन विभाग और नगरीय निकाय के अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए दिशा. निर्देश दिए।

...................................